एलाइंस एअर
ALLIANCE AIR
Connecting India

# पखवाड़ा विशेषांक



## आवाह्न
(उन्मुक्त उड़ान का)

## सितम्बर, 2024
## राजभाषा विभाग

**स्वतंत्रता दिवस का आयोजन**



**हिंदी पखवाड़े का आयोजन**





## मुख्य कार्यपालक अधिकारी की कलम से

## संदेश

प्रिय साथियों,

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि एलाइंस एअर, राजभाषा विभाग द्वारा ई-पत्रिका आवाहन का निरन्तर प्रकाशन किया जा रहा है।

जैसा कि एलाइंस एअर अपने व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करते हुए राजभाषा हिंदी के समुचित अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। आप सभी के सहयोग से आवाहन पत्रिका दिन प्रतिदिन आकर्षक डिज़ाइनों के साथ प्रकाशित हो रही है। किसी भी कार्यालय की पत्रिका उस कार्यालय की आईना होती है। उसमें न केवल उस कार्यालय में हो रही नवीनतम गतिविधियों का पता चलता है बल्कि महत्वपूर्ण विषयों में उत्कृष्ट सामग्री भी पढ़ने को मिलती है।

हमारी एयरलाइन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के अन्तर्गत प्रचालन करते हुए समग्र भारत के अछूते क्षेत्रों को अपनी उड़ानों के माध्यम से जोड़ती है। वर्तमान समय में एलाइंस एअर ने घरेलू उड़ानों में अपना वर्चस्व स्थापित किया है।

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विमानन क्षेत्र में हमेशा नई चुनौतियां आती रहती हैं हमें इन चुनौतियों का सामना अपनी जिम्मेदारी समझकर पूरी निष्ठा और लगन से करना है तथा एयरलाइन को नई ऊंचाइयों और बुलन्दियों तक ले जाना है।

मुझे विश्वास है कि सभी कर्मचारी कम्पनी की प्रगति में निष्ठा से अपना शत-प्रतिशत योगदान देते रहेंगे।

भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

**(रामबाबू सी.)**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

# राजभाषा अधिकारी की कलम से



## हिंदी पखवाड़ा संदेश

आप सभी को हिंदी पर्व की शुभकामनाएं।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता है। हमारे देश में हिंदी ऐसी भाषा है जो सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली और समझी जाती है। हिंदी केवल राष्ट्र भाषा ही नहीं है बल्कि विश्व भाषा बन रही है। हिंदी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने में सक्षम हो गई है।

विश्व के सभी विकसित देश अपनी-अपनी भाषाओं में ही अपना सरकारी काम-काज करके प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं और हमारा लक्ष्य भी यही है। भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर होती है। स्वभाषा के बिना स्वराज का बोध संभव नहीं है। राष्ट्रीयता, भारतीयता और एकता हिंदी का मूल स्वर है। राजभाषा हिंदी सरकार एवं सम्पूर्ण देश की आम जनता के बीच संवाद की भाषा होकर अपनी सार्थक भूमिका निभा रही है।

आइए, हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूर्ण उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे सामूहिक, सार्थक और अथक प्रयासों से हम अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे और देश में हिंदी के प्रचार-प्रसार को नया आयाम देंगे।

इसी उपलक्ष्य में एलाइंस एअर में दिनांक 14 सितम्बर, 2024 से 28 सितम्बर, 2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं हिंदी भाषा ज्ञान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। राजभाषा के प्रचार व प्रसार हेतु आप सभी इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें व इस आयोजन को सफल बनाएं।

जय हिंदी। जय भारत।

(राहुल पाण्डेय)
कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं
राजभाषा अधिकारी

# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को एलाइंस एअर, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी जानने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 12 अधिकारियों/कर्मचारियों जिनमें सर्वश्री सुरेश, अधिकारी (सामग्री प्रबंधन) श्री दिनेश यादव, वरि. पर्यवेक्षक (सामग्री प्रबंधन) श्री नीरज सिंह, चिकित्सा सहायक (चिकित्सा) सुश्री कोमल, वरि. पर्यवेक्षक (प्रचालन) श्री पवन कुमार, सहा. प्रबंधक (क्रू नियंत्रण प्रचालन) श्री मनीष वत्स, उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) श्री शेख अब्दुल बारी, सहा. प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) श्री सुनील अरोड़ा, पर्यवेक्षक (क्यूएमएस) सुश्री प्रीति गुलाटी, सहा. प्रबंधक (हैल्प डैस्क) श्री तनुज कुमार, प्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) श्री रवि शर्मा, पर्यवेक्षक (सुरक्षा) एवं श्री सुनील कुमार (सुरक्षा) ने भाग लिया।



उपरोक्त कार्यशाला में कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं राजभाषा अधिकारी श्री राहुल पाण्डेय जी ने सभी कार्मिकों को हिंदी में काम करने व हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के लिए अपने दैनिक कार्यालय कार्य करते हुए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।



हिंदी कार्यशाला में अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़े भरने संबधी जानकारी एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए भाषायी आधार पर विभिन्न क्षेत्रों को भेजे जाने वाले हिंदी पत्राचार के प्रतिशत के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि दिल्ली 'क' क्षेत्र के अन्तर्गत आता है जिसका हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 100 प्रतिशत है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप अपने कार्यालय के दैनिक कार्यों के साथ-साथ हिंदी में छोटी-छोटी टिप्पणियां, नोटिंग ड्राफ्टिंग, रजिस्टरों, फाइलों आदि के नाम द्विभाषी लिखकर शुरूआत कर सकते हैं, साथ ही साथ विभाग के नेम प्लेट विजिटिंग कार्ड, रबड़ की मोहरें, रजिस्टरों में हिंदी में प्रविष्टिंया आदि कर हिंदी पत्राचार को बढ़ा सकते हैं।



कार्यशाला में विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी यूनिकोड की उपयोगिता व यूनिकोड में हिंदी टंकण करने का प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात कार्यशाला में सभी कर्मचारियों ने कम्प्यूटर पर हिंदी यूनिकोड का अभ्यास किया। जिसकी कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशंसा की।

**(कमला मेहरा)**
**उप प्रबंधक (राजभाषा)**

# राजभाषा निरीक्षण (जुलाई-सितम्बर, 2024)

## उड़ान संरक्षा विभाग की राजभाषा निरीक्षण रिपोर्ट

- उड़ान संरक्षा विभाग में इस समय 01 उड़ान संरक्षा प्रमुख, 01 उप उड़ान संरक्षा प्रमुख, 01 उप प्रमुख इंजीनियर, 01 इंजी. 01 उड़ान संरक्षा अधिकारी, 01 सहायक प्रबंधक, 04 अधिकारी एवं 01 वरि. तकनीकी सहायक कार्यरत हैं। सभी को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।

- विभाग में 09 कम्प्यूटर हैं। सभी कम्प्यूटरों में हिन्दी यूनिकोड में काम करने की सुविधा उपलब्ध है।

- विभाग में साइन बोर्ड, नेम प्लेट, विजिटिंग कार्ड और मोहरें द्विभाषी पाए गए हैं।

- उपस्थिति रजिस्टर में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर हिन्दी में किए जाते हैं।

- अधिकारियों द्वारा टेलीफोन पर हिन्दी में बातचीत की जाती है।

- विभाग द्वारा मानक मसौदे हिन्दी/द्विभाषी रुप में उपयोग में लाए जा रहे हैं जो कि सराहनीय है।

- विभाग द्वारा सामग्री प्रबंधन विभाग में भेजे जाने वाला मांग पत्र हिन्दी में भेजा जाता है।

- हिन्दी पत्राचार को बढ़ाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा उड़ान संरक्षा विभाग को अग्रेषण पत्र (forwarding letter) दिया गया है जिससे विभाग के हिन्दी पत्राचार में वृद्धि होगी।

- राजभाषा विभाग द्वारा कार्मिक विभाग को भेजे जाने वाला उपस्थिति विवरण को हिंदी में बनाकर ई मेल द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है विभाग द्वारा भविष्य में इसका उपयोग करने का आश्वासन दिया गया है।

- यूटिलिटी हैंड की उपस्थिति का ब्यौरा हिन्दी में बनाकर भेज दिया गया है।

- विभाग द्वारा प्रशासनिक संबंधी सभी कार्य हिन्दी में किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

- अधिकांश बॉक्स फाइलों/रजिस्टरों के शीर्ष द्विभाषी थे शेष फाइलों/रजिस्टरों के शीर्ष द्विभाषी किए जाने का आश्वासन दिया गया तथा राजभाषा विभाग द्वारा फाइलों की सूची को द्विभाषी बनाकर ई मेल के माध्यम से भेज दिया गया है।

- अवकाश कार्ड में हिन्दी में प्रविष्टियां करने का आश्वासन दिया गया।

********

## सुरक्षा विभाग की राजभाषा निरीक्षण रिपोर्ट

सुरक्षा विभाग में इस समय 01 मुख्य सुरक्षा अधिकारी, 01 सहायक प्रबंधक, 02 अधिकारी एवं 02 पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। सभी को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।

- विभाग में 07 कम्प्यूटर हैं। सभी कम्प्यूटरों में हिन्दी यूनिकोड में काम करने की सुविधा उपलब्ध है।
- विभाग में साइन बोर्ड, नेम प्लेट, विजिटिंग कार्ड और मोहरें द्विभाषी पाए गए।
- सुरक्षा विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर में सुन्दर ढंग से नाम, पते, दूरभाष सं. इत्यादि द्विभाषी रुप में लिखे गए हैं जो कि सराहनीय है।
- विभाग में उपलब्ध अधिकांश बॉक्स फाइलों/फाइलों/रजिस्टरों के नाम एवं शीर्षक द्विभाषी लिखे गए हैं। रजिस्टरों में प्रविष्टिंया हिंदी में की जा रही है।
- प्रेषण रजिस्टर में अंग्रेजी पत्रों की अंग्रेजी में एवं हिंदी पत्रों की हिंदी में प्रविष्टियां की जा रही हैं।
- विभाग द्वारा भेजे जाने वाले नोट शीट पर हिंदी में हस्ताक्षर किए जाते हैं।
- अधिकांश पत्रों के मुख्य शीर्ष द्विभाषी पाए गए जो सराहनीय हैं।
- नोट शीट के विषय हिंदी में लिखे जाते हैं जो कि सराहनीय है।
- अधिकारियों द्वारा टेलीफोन पर हिन्दी में बातचीत की जाती है।
- विभाग द्वारा मानक मसौदे हिन्दी/द्विभाषी रुप में उपयोग में लाए जा रहे हैं जो सराहनीय है।
- हिन्दी पत्राचार को बढ़ाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सुरक्षा विभाग को अग्रेषण पत्र (forwarding letter) दिया गया है जिससे विभाग के हिन्दी पत्राचार में वृद्धि होगी।
- निरीक्षण से पहले सुरक्षा विभाग को हिन्दी कार्यान्वयन के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए चैक लिस्ट दी गई थी जिसे विभाग द्वारा भरकर राजभाषा विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।
- विभाग द्वारा कर्मचारियों के व्यक्तिगत व अन्य फाइलों के शीर्ष द्विभाषी बनाए जाने का आश्वासन दिया गया है।
- सुरक्षा विभाग द्वारा हिन्दी पत्राचार को और अधिक बढ़ाने का हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया गया।
- विभाग द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों एवं यूटिलिटी हैंड का प्रतिमाह भेजे जाने वाला उपस्थिति विवरण हिंदी में भेजे जाने का आश्वासन दिया गया है।
- उपस्थिति रजिस्टर में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हिंदी में हस्ताक्षर करने का आश्वासन दिया गया है।
- विभाग द्वारा सामग्री प्रबंधन विभाग को भेजे जाने वाला मांग पत्र हिन्दी में भेजे जाने का आश्वासन दिया गया है।

********

## सुरक्षा संस्कृति सप्ताह 2024


नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के निर्देशानुसार एलाइंस एअर में दिनांक 05 अगस्त, 2024 से 11 अगस्त 2024 तक सुरक्षा संस्कृति सप्ताह 2024 का आयोजन किया गया। विमानन में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह एक विश्वव्यापी पहल थी। विमानों में भी सुरक्षा संस्कृति सप्ताह, 2024 के अवसर पर उद्घोषणाएं की गईं और यात्रियों को सतर्कता बरतने व सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कार्यालय में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इसे याद रखें, देखें कहें और सुरक्षित रहें थीम से प्रेरित किया गया।
















# एलाइंस एअर, मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

प्रिय साथियों,

**आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

आज हम यहां पर 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। 15 अगस्त का दिन हम सभी के लिए एक गौरवशाली दिन रहा है। यह दिन भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। यह पर्व हम सभी भारतवासियों के मन में नई उमंग, नई आशा के साथ देश-भक्ति का संचार करता है।

देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने लम्बे समय तक संघर्ष किया है और यही कारण है कि स्वतंत्रता हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमने कितनी कुर्बानियां देकर स्वतंत्रता को प्राप्त किया है और इसकी रक्षा करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है।

आज इस अवसर पर मैं, शहीद भगत सिंह जी का प्रेरणा और उत्साह से भरा हुआ नारा "**इंकलाब जिंदाबाद**" को बताना चाहूंगा। जो उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी का एक मंत्र बन गया था। आज हमारा भी संवैधानिक दायित्व है कि हम अपने देश के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनें और अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझें।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक "**हर घर तिरंगा**" अभियान को बढ़ावा और समर्थन देकर सभी देशवासियों को इस अभियान से जुड़ने का आवाहन किया गया है ताकि देश की नई पीढ़ी के साथ-साथ देश के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाया जा सके। इस अभियान में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अवश्य भाग लें।

एलाइंस एअर एक राष्ट्रीय वाहक है जो समग्र भारत के अछूते क्षेत्रों को अपने प्रचालन के माध्यम से जोड़ती है। वर्तमान में एलाइंस एअर ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के तहत अयोध्या, वाराणसी, पंतनगर और जलगांव में अपना प्रचालन प्रारंभ किया है।

विमानन क्षेत्र में रोज-रोज नई चुनौतियां आती रहती हैं जिसका समाधान निकालने के लिए हम सभी को हमेशा तत्पर रहना है। एलाइंस एअर ने हमेशा अपने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने का भरसक प्रयास किया है हमारे प्रयास सार्थक और सफल भी हो रहे हैं। आशा करता हूं कि आप सभी का सहयोग हमेशा की तरह बना रहेगा।

अंत में आप सभी को एक बार पुन: स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**जय हिन्द, जय भारत!**

**(विनीत सूद)**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

*प्रत्यके वर्ष की भांति इस वर्ष भी एलाइंस एअर कार्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस दिवस के अवसर पर एलाइंस एअर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उपरोक्त आयोजन के अवसर में सर्वप्रथम सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विनीत सूद महोदय जी का स्वागत किया गया तथा उन्हें सलामी दी गई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा झण्डारोहण किया गया व उपस्थिति सभी विभागाध्यक्षों/कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात सुश्री सोनी शर्मा, वरि. पर्यवेक्षक (चिकित्सा) द्वारा मंच संचालन किया गया।*

*इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय ने उपस्थित विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों को अपने संबोधन में आजादी के महत्व को बताया व समस्त एलाइंस परिवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।*



## मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा हिंदी दिवस पर जारी संदेश

हिंदी द्‌वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।

-स्वामी दयानंद सरस्वती

हिंदी दिवस के अवसर पर समस्त एलाइंस परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

भारत के इतिहास में आज का दिन गौरव, अभिमान व आत्मसम्मान के दिवस के रुप में अंकित है। भारतीय संविधान में हिन्दी को 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। हमारे देश में अनेक प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं विविधता के बीच एकता ही हमारे देश की विशेषता है। हिंदी हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। हिंदी भाषा में ही भारत की अनेक क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों को स्वयं में समाहित करने की पूरी क्षमता है जिससे हिंदी समृद्‌ध और जीवंत हुई है। राजभाषा हिंदी में ही भारतीय संस्कृति के हर रंग और हर धर्म की झलक देखने को मिलती है।

कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कर्तव्य है कि कार्यालय में हिंदी में मूल टिप्पण व पत्राचार को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। यह जरूरी नहीं, कि हिंदी के भारी भरकम शब्दों का प्रयोग किया जाए। हम कार्यालय में सीधे, सरल शब्दों का प्रयोग कर हिंदी में काम कर सकते हैं। विमानन उद्‌योग में हम प्रत्येक संस्कृति, भाषा व पहचान रखने वाले यात्रियों के संपर्क में आते हैं। हिंदी दिवस के अवसर पर आइए आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें, कि देश, मातृभूमि और राजभाषा हिंदी के प्रति हमारा समर्पण इसी प्रकार सशक्त होता रहेगा।

******

## हिन्दी पखवाड़ा - 2024

एलाइंस एअर कार्यालय में दिनांक 14 सितम्बर, 2024 से 28 सितम्बर, 2024 तक हिंदी पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के अन्तर्गत दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 18 सितम्बर, 2024 को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 19 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया तथा दिनांक 24 सितम्बर, 2024 को हिंदी भाषा ज्ञान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 26 अधिकारियों/कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

14 सितम्बर, हिन्दी दिवस के अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एएएएल व कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं राजभाषा अधिकारी जी द्वारा जारी संदेशों को सभी विभागाध्यक्षों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रेषित किया गया।

इस अवधि में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त दिनांक 03 जुलाई, 2024 के अ.शा. पत्र के संदर्भ में हिंदी पखवाड़े के आयोजन करने व अधिकारियों/कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता लाने तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए हिंदी स्लाइड व स्लोगनों को प्रेषित किया गया। साथ ही साथ राजभाषा संकल्प 1968, राजभाषा नियम, 1976 एवं राजभाषा अधिनियम 1963 को सभी विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किया गया।

प्रतिभागियों की सक्रिय प्रतिभागिता से कार्यक्रम सफल रहा व सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा इसकी सराहना की गई। दिनांक 30 सितम्बर, 2024 को समापन समारोह के आयोजन के दौरान कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और इसी के साथ हिन्दी पर्व का समापन किया गया।

**(राजभाषा विभाग)**
**एलाइंस एअर**

















EMM PART C

राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की एकता और उन्नति के लिए आवश्यक है। - महात्मा गांधी

कृपया अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य अवगत कराएं
राजभाषा विभाग, एलाइंस एअर, मुख्यालय

प्रस्तुतिकरण - विनोद चन्द्र सनवाल
कमला मेहरा

सम्पर्क - 011-25674178
ई मेल- rajbhasha@allianceair.in